<u>सादर प्रकाशनार्थ</u>

## 75 वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर

अन्तर्राष्ट्रीय तम्बाकु निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोरबा द्वारा सड़क सुरक्षा मोटर साईकिल रैली अभियान का समापन समस्त अतिथियो द्वारा दीप प्रज्वलन कर कोहड़िया बरपारा स्थित तनाव मुक्ति केंद्र भवन में किया गया जिसमें मुख्य रूप से महापौर राजकिशोर प्रसाद जी उपस्थित थे उन्होने अपने संबोधन में कहा कि मानव कल्याण के प्रति अपने दायित्वो के निर्वहन में जो निष्ठा की प्रकाष्ठा होनी चाहिए हम समझते है कि आप लोग इससे भी बहुत ही ऊँचे स्तर के है और जनहित संबंधित कोई भी प्रोजेक्ट आप लेते है तो वो कार्य निश्चित ही शत् प्रतिशत शत् सफलता को पाता है। अतिथि नूतन कुमार कॅवर जी ने कहा कि जिस प्रकार के आप लोगो का कार्य संचालन है यदि यह कार्य प्रणाली हमारे प्रशासन में आ जाए तो विश्व परिवर्तन अतिशीघ्र हो जाएगा। अतिथि डॉ. भरतभुषण बोर्डे ने तम्बाकु निषेध दिवस के अवसर पर कहा कि इसका सेवन किसी भी रूप से करे हानिकारक ही होता है। शुगर, गर्भाशय कैंसर मुॅह का कैंसर आदि रोग होता है। सहसंचालिका बी.के बिन्दू ने बताया कि इस अभियान में  लगभग 100 प्रतिभागी थे। जिसमें बहने भी शामिल थी। लगभग 300 गॉव व 1132 कि.मी. की सफर तय करते हुए सभी को जन जागरूकता संदेश दिया गया। अतिथि प्रभाकर पाण्डे जी ने संस्थान द्वारा जनहित के लिए किये गए कार्यो की सराहना करते हुए सभी को आपस में मिलजुल कर समाज को श्रेष्ठ समाज में बदलने की अपील की। इस समापन कार्यक्रम में सभी प्रतिभागीयों को राजयोग एजुकेशन रिसर्च फाउण्डेशन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं ब्र. कु. बहनो द्वारा समस्त अतिथियो को बैज, शॉल देकर उनका सम्मान किया गया। मंच संचालन का कार्य शेखरराम यादव द्वारा किया गया इस प्रकार कार्यक्रम सफलतापुर्वक संपन्न हुआ।

मानवता की सेवा में

बी.के.रुकमणी